दिनांक : 15 .05.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत आज टीआइएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिये अपनी बात रखेगा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- प्रदेश में व्यापार के लिये अनुकूल माहौल। बेंगलुरू में मिले 8 हजार करोड़ के प्रस्ताव।
- मुख्यमंत्री आज सीधी जिले से जारी करेंगे लाड़ली बहना योजना की मासिक किस्त।

भारत-संयुक्त राष्ट्र-आतंकवाद

भारत की एक तकनीकी टीम न्यूयॉर्क में है और संयुक्त राष्ट्र में आज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम और अन्य भागीदार देशों के साथ बातचीत कर रही है। भारत 1267 प्रतिबंध समिति में अपना मामला पेश करने की तैयारी कर रहा है जिसका उद्देश्य आधिकारिक तौर पर द रेजिस्टेंस फ्रंट को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध कराना और इस संगठन को पाकिस्तान द्वारा मिल रहे समर्थन को दर्शाना है। यह कदम 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर उठाया गया है, जिसमें 26 भारतीय नागरिकों की हत्या की गई थी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय टीम संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय और आतंकवाद निरोधक समिति कार्यकारी निदेशालय अधिकारियों से भी मिलेगी।

प्रधानमंत्री-नक्सलवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि नक्सलियों के विरूद्ध सुरक्षा बलों की सफलता दर्शाती है कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सोशल मीडिया पोस्ट को साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और वहां के लोगों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सीआरपीएफ के डीजीपी ने कहा कि सरकार के विकास कार्यो के चलते नक्सलियों के सरेंडर की संख्या में वृद्धि हुई है।

सीसीपीए - पाक झंडा

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने पाकिस्तानी झंडे और उससे जुड़े सामान की बिक्री को लेकर अमेज़न इंडिया, फ्लिपकार्ट, यूबाय इंडिया, ईटीसी, फ्लैग कंपनी और फ्लैग कॉरपोरेशन को नोटिस जारी किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक पोस्ट में केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि इस तरह की असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को तुरंत ऐसी सभी सामग्री हटाने और राष्ट्रीय कानूनों का पालन करने का निर्देश दिया गया है।

तिरंगा यात्रा

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में 'तिरंगा यात्रा' आयोजित की जा रही है। कल शुरू की गई ग्यारह दिन की यात्रा का उद्देश्य नागरिकों, समुदायों और क्षेत्रों में राष्ट्रीय गौरव तथा एकता की भावना पैदा करना है। इस अवसर पर प्रदेशभर में तिरंगा यात्राए निकाली जाएंगी। रतलाम जिले में भी आज विभिन्न क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्स एप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे।

मुख्यमंत्री-बेंगलुरू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यापारी और निवेशक मध्यप्रदेश आएं और उद्योग को बढ़ावा दें। मध्यप्रदेश सरकार ने नई उद्योग केंद्रित नीतियां लागू की हैं। सभी जिलों में उद्योग प्रकोष्ठ खोले गए हैं। राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम लागू है। राज्य में पर्याप्त लैंड बैंक, पानी और बिजली उपलब्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बेंगलुरू में हुए रोड-शो के इंटरेक्टिव सेशन को संबोधित कर रहे थे। इंटरेक्टिव सेशन में विभिन्न निवेशकों से चर्चा हुई। निवेशकों से 7935 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 18 हजार 975 नए रोजगार सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेंगलुरू में आज भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को प्रदेश के रायसेन के ग्राम उमरिया में 148 एकड़ भूमि आवंटन का पत्र सौपा। रायसेन में 1800 करोड़ रूपये की लागत से एक अत्याधुनिक रेल कोच निर्माण परियोजना स्थापित की जाएगी।

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को सीधी जिले की तहसील गोपदबनास (सीधी खुर्द) से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना की मई माह की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीधी के धोहनी में विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की मई माह की किस्त 1552 करोड़ 38 लाख रूपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 24वीं किस्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है।

निर्वाचन आयुक्त बीएलओ अधिकारी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बूथ स्तर के अधिकारियों-बीएलओ को जल्दी ही मानक पहचान पत्र जारी किए जाएंगे, ताकि वे सुचारू रूप से घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर सकें। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली में हरियाण, दिल्ली और बिहार के बूथ स्तर के अधिकारियों, निरीक्षकों और मतदाता पंजीकरण अधिकारियों के लिए दो दिन के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी अपने-अपने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में बूथ स्तर के अन्य अधिकारियों को भी प्रशिक्षित करेंगे।

बैडमिंटन-थाईलैंड ओपन

बैंकॉक में थाईलैंड बैडमिंटन ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में आज भारतीय खिलाडी अपने मुकाबले खेलेंगे। पुरूष सिंगल्स में थारुन मन्नेपल्ली का सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा।

महिला सिंगल्स में भारत की मालविका बंसोड़ का मुकाबला थाईलैंड की रतचानोक इंटानोन से, उन्नति हुडा का सामना थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से और आकर्षि कश्यप का थाईलैंड की सुपनिडा कटेथोंग से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- सतना और मैहर जिले में तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य जोरो पर है। विभाग को 67 हजार मानक बोरा संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया है।
- इंदौर जिले में वन अधिकार अधिनिमय 2006 अंतर्गत संभाग स्तरीय कार्यशाला आज और कल ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर फीनिक्स हॉल में आयोजित की जायेगी।
- कटनी में जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कल नेत्र और ईएनटी समस्याओं के लिये देखभाल अतंर्गत शिविर का आयोजन किया गया।
- गुना जिले में जल गंगा संवर्ध्ान अभियान के तहत ग्राम फतेहगढ़, ब्लॉक बमोरी में प्राचीन बावड़ी की सफाई एवं शपथ संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- डिंडौरी जिले के उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण अमरपुर में कल मुख्यमंत्री कन्या विवाहध्निकाह योजना के तहत 256 जोडों का विवाह हुआ इस मौके पर सांसद सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी उपस्थित रहीं।
- आगरमालवा जिले में कल हुई पशु चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जिले में लक्ष्य से अधिक प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

-------